अस्पताल में डिलीवरी के दौरान किडनी में कट लगने से प्रसूता की मौत का आरोप

दोषी डॉक्टरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा दिये जाने की मांग

- प्रसूता की डिलीवरी झालावाड़ के जनाना अस्पताल में संपन्न हुई थी, बाद में प्रसूता को एसआरजी अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया, जहां से उसको कोटा रैफर कर दिया गया था
- कोटा में आठ दिन चले उपचार के पश्चात प्रसूता की मौत हो गई, डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि डिलीवरी में ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की किडनी में कट लग गया था

झालावाड़, (निसं)। झालावाड़ के जनाना हॉस्पिटल में लापरवाही के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, लापरवाही के आरोपों के चलते यहां कई बार हंगामे हो जाते हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक प्रसूता की मौत हो गई, जिसकी डिलीवरी झालावाड़ के जनाना अस्पताल में संपन्न हुई थी। बाद में प्रसूता को एसआरजी अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया, जहां भी उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और आखिरकार उसको कोटा रैफर कर दिया गया, कोटा में भी लगभग आठ दिन चले उपचार के पश्चात प्रसूता की मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि डिलीवरी में ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की किडनी में कट लग गया था।

महिला के परिजनों का कहना है कि दोषी डॉक्टरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया जाए एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। झालावाड़ अस्पताल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन कर रहे महिला के परिजनों एवं अन्य लोगों ने बताया कि झालरापाटन के गिंदौर निवासी हीरालाल की पुत्री प्रियंका को डिलीवरी के लिए झालावाड़ के जनाना अस्पताल में गत 27 जून को दाखिल करवाया गया था, जहां डिलीवरी के तीन दिन बाद जब विवाहिता को पेशाब आना बंद हो गया तो उसको चिकित्सकों ने एसआरजी अस्पताल शिफ्ट कर दिया। वहां पर भी चिकित्सकों ने ना तो कोई ठोस जवाब दिया, ना हीं परेशानी बताई, ऐसे में जब तीन दिन पश्चात भी विवाहिता की हालत में सुधार नहीं आया तो चिकित्सकों ने उसको कोटा रैफर कर दिया, जिसके बाद विवाहिता को उसके परिजन कोटा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां पर इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि महिला के डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान उसकी किडनी में कट लग गया था, जिसके चलते उसकी हालत लगातार बिगड़ गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई।

प्रियंका की मौत के पश्चात परिजन उसके शव को अपने साथ लेकर झालावाड़ के एस आर जी अस्पताल पहुंचे तथा शव को मोर्चरी में रखवाया, जहां प्रियंका के शव का पोस्टमार्टम किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर अस्पताल परिसर में काफी सारे लोग एकत्रित हो गए, जिनके द्वारा नारेबाजी करते हुए दोषी डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की मांग की। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि जिन डॉक्टरों की लापरवाही के चलते प्रियंका की जान गई, उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदर्शनकारियों द्वारा पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजे एवं मृतक महिला के बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी सरकार द्वारा वहन किए जाने की भी मांग की गई। अस्पताल में पहुंचकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाइश का प्रयास किया, किंतु प्रदर्शनकारी नहीं माने तथा वह बाद में झालावाड़ के मिनि सचिवालय पहुंचे, जहां कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना लगाकर नारेबाजी की। लगभग दो घंटे तक प्रदर्शनकारी वहां बैठे रहे, इस दौरान बड़ी तादाद में पुलिस का जाब्ता भी मौजूद रहा।

बाद में प्रदर्शनकारियों को जिला कलेक्टर द्वारा समझाइश की जाकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी मौके से हटे और पोस्टमार्टम की कार्यवाही पर सहमति दी।

खाद्य सुरक्षा व रसद विभाग की टीम ने 1268 लीटर फ्रूट ड्रिंक सीज़ किया

कुचामन सिटी में खाद्य सुरक्षा व रसद विभाग ने गोदाम सील किया।

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देश पर "शुद्ध आहार -मिलावट पर वार" अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को कुचामन सिटी में खाद्य सुरक्षा व रसद विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1268 लीटर फ्रूट ड्रिंक को सीज कर दिया। साथ ही गोदाम का लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण गोदाम को भी सील कर दिया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने बताया कि आमजन को शुद्ध एवं गुणवतापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने के लिए जारी "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला रसद अधिकारी उपेंद्र ढाका व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल ने कुचामन क्षेत्र के गोपालपुरा में फ्रूट ड्रिंक के एक गोदाम का निरीक्षण किया गया, जहां मौके पर खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। इसके अलावा फ्रूट ड्रिंक मैंगो (इंडो नेचुरल) भी अमानक के संदेह में पाया गया, जिसके बाद फ्रूट ड्रिंक के सैंपल लेकर 1268 लीटर को मौके पर ही सीज कर दिया गया। साथ ही गोदाम का लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण गोदाम को भी सील किया गया। उन्होंने बताया कि फ्रूट ड्रिंक के सैंपल को जांच के प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी या विश्वसनीय विक्रेताओं से ही खाद्य सामग्री खरीदे तथा पैक खाद्य सामग्री पर पैकेजिंग दिनांक व उपयोग दिनांक देखकर ही खरीदें।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने ऋषिराज सिंह को श्रद्धांजलि दी

पाली, (नि.सं.)। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शुक्रवार को पाली के खिंवादी गांव पहुंचे और चूरू में एयर फोर्स के फ़ाइटर जेट जगुआर एयरक्राफ्ट हादसे में शहीद हुए वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह देवड़ा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शहीद को पुष्पांजलि करने के बाद पिता जसवंत सिंह देवड़ा को गले लगाया और वीर पुत्र की शहादत पर नमन किया ढांढस बंधाया। इस दौरान पशु पालन डेयरी गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सुनील भंडारी, पाली डेयरी के चेयरमैन प्रताप सिंह बीठिया, जगत सिंह सिंदरू सहित अनेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मकान का ताला तोड़ जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (निसं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राजेन्द्र पुत्र दुर्गाशंकर त्रिवेदी निवासी चित्रकूट विहार हिरणमगरी सेक्टर 14 ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

उसने बताया कि एक जुलाई को मकान पर ताला लगा कर मैं परिवार सहित सूरत चला गया था। इस दौरान काम करने वाली रमिला के पास मकान की चाबी थी। चार जुलाई को पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा होने एवं चोरी होने की सूचना दी।

उसने बताया कि लौटने पर घर आए तो ताला टूटा हुआ था एवं सामान बिखरा पड़ा था। इस पर पुलिस को प्रकरण दर्ज करवाया। चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात व नकदी व सामान की बाद में सूची देने की रिपोर्ट दी है, जिसकी जांच हेड कांस्टेबल हितेन्द्रसिंह कर रहे हैं।

गांव धांधेला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव से परेशानी

छात्र-छात्राओं और रोजमर्रा काम पर जाने वाले नागरिकों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है

- स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्दी ही सड़क की मरम्मत व जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की

पाटन, (निसं)। धांधेला बाईपास रोड से गांव धांधेला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं और रोजमर्रा काम पर जाने वाले नागरिकों को प्रतिदिन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी कृष्ण कुमार सैनी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदारों द्वारा उचित ढलान और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते बरसात का पानी सड़क पर ही एकत्रित हो जाता है। उन्होंने बताया, सड़क पर मानो झील बन गई हो। लोग जान जोखिम में डालकर गंदे पानी से होकर आने-जाने को मजबूर हैं। सैनी ने यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप आमजन को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। धांधेला के फूलचंद कपड़ा वाले,बंटी सैनी, विनोद कुमार सैनी, विजेन्द्र शर्मा का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत व जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में आमजन को राहत मिल सके।

गांव धांधेला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव ने राहगीरों की परेशानी बढ़ाई।

जल संसाधन मंत्री ने जन समस्याएं सुनी

अजमेर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को अपने मुहामी निवास पर आमजन के अभाव-अभियोग (समस्याएं एवं शिकायतें) सुने। क्षेत्रवासियों ने मंत्री रावत से सीधे संवाद कर अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं विभागीय समस्याएं उनके समक्ष रखीं।

मंत्री रावत ने संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक व्यक्ति की बात को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर वार्ता कर समाधान हेतु निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है और जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा धर्म यही है कि वह हर जरूरतमंद तक पहुंचे और उसकी पीड़ा को दूर करे। इस जनसुनवाई के दौरान पानी, सड़क, बिजली, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विधवा सहायता, पीएम आवास योजना, ग्रामीण विकास, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी अनेक समस्याएं सामने आईं। मंत्री रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत दी जाए।

मानसिक परेशानी से वृद्ध की मौत का आरोप

उदयपुर, (निसं)। जमीन को लेकर परेशान करने से वृद्ध की मौत होने पर उसकी पत्नी ने पड़ोसी के खिलाफ परेशान करने से पति की मौत होने का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सारा मोती पत्नी अब्बाल अली बोहरा निवासी बस्तीरामजी की बाडी धानमण्डी ने आरोपी भेरा डांगी पुत्र रत्ता डांगी निवसी मनवाखेड़ा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

उसने बताया कि मेने एकलिंपुरा में जमीन खरीदी थी। जिसके पिछवाड़े में आरोपी भेरा की जमीन होने से उसने हमें परेशान करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद मैं पति के साथ कुवैत चली गई। वहां से लौटी तो आरोपी ने वापस परेशान करना शुरू कर दिया। इसको लेकर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया तो आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया। इसके बावजूद आरोपियों ने परेशान करना जारी रखा। जिससे परेशान होकर मानसिक परेशानी के चलते मेरे पति अब्बास अली पुत्र सैफुद्दीन की अप्रेल 2021 में मृत्यु हो गई। आरोपी द्वारा आए दिन परेशान होने से तनाव में पति की मौत हो गई। इस मामले में हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच थाना अधिकारी भरत योगी कर रहे हैं।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार : उदयपुर के सायरा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में दो माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित ने सात मई को रणछाराम पुत्र धर्मा गमेती निवासी वागुणी सायरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 6 मई रात में मेरे भाई चमनाराम पुत्र धर्मा निवासी वागुणी की रेशमाराम, नगाराम व गोपाराम ने मारपीट कर हत्या कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी किशोरसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए गोपाराम पुत्र अरजाराम गमेती निवासी वागुणी सायरा को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

टेक्रोंमोटर्स कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज : उदयपुर शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने टेक्रों मोटर्स कंपनीके खिलाफ चोरी की कार पीड़ित को बेचने का मामला दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित कार बाजार मालिक हिम्मतराम पुत्र लच्छीराम मेघवाल निवासी संजय नगर सुमेरपुर पाली ने गोवर्धन विलास टैक्रों मोटर्स कंपनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं कार बाजार का काम करता हू तथा दो माह पूर्व मैने एक कार टेक्रों मोटर्स से खरीद कर राजेन्द्र नामक व्यक्ति को बेची थी। एक माह पूर्व उक्त कार दिल्ली सेआई एटीएम की टीम कार जब्त कर लेगई। इस संबंध में संपर्क किया तो आरोपी कंपनी ने भी पूरी कार्यवाही कर कार बेचने की बात कही। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।जिसकी जांच एएसआई देवेन्द्रपुरी कर रहे हैं।

जमीन विवाद में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- कट्टे से सीने में गोली मारी थी, खेत पर कब्ज़ा करने से रोक रहा था युवक

जुरहरा/भरतपुर, (निसं)। डीग जिले के जुरहरा थाना पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जब मृतक ने अपनी जमीन पर कब्ज़ा करने से आरोपी और उसके परिजनों को रोका तो आरोपी ने कट्टे से फायर कर रहीश के सीने में गोली मार दी और सभी लोग फरार हो गए।

जुरहरा थाना अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि दो जुलाई शहजाद निवासी खैरावा ने एक एफआईआर दी थी कि गांव के अरवाज, यूनुस, मिसरूप, इस्लामी अरफीना, हमीद हमारे खेत पर कब्ज़ा करना चाहते थे। वह कई बार हमारे खेत पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर चुके हैं। दो जुलाई को भी सभी ने खेत पर कब्ज़ा करने की कोशिश की थी। जब रहीश ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो, वह सभी लोग रहीश से झगड़ने लगे। रहीश खेत पर अकेला था। झगड़े के दौरान अरबाज ने कट्टे से फायर किया, जिसकी गोली सीधे रहीश के सीने में जा लगी।

गोली लगते ही रहीश खेत में गिर गया, जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के सूचना आसपास काम कर रहे लोगों ने रहीश को दी, जिसके बाद रहीश के परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस अरबाज की तलाश कर रही थी। अरबाज तब से फरार चल रहा था। आज सूचना मिली थी कि अरबाज अपने घर आया हुआ है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

समय पर इलाज नहीं मिलने से नवजात की मौत

झालावाड़, (निसं)। जिले के डग उप जिला अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने से एक नवजात की मौत हो गई।

मृतक नवजात के परिजन लक्ष्मण सिंह ने बताया कि डग थाना इलाके के चौकडी गांव निवासी भावना कंवर (30) को गुरुवार रात करीब नौ बजे डग अस्पताल में भती करवाया गया था। रात 10 बजे उसने नॉर्मल डिलीवरी से बच्चे (बेटे) को जन्म दिया। इसके करीब दो घंटे बाद नवजात रोने लगा। उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। मौके पर मौजूद कंपाउंडर ने नवजात को आईसीयू में भर्ती कर लिया। अर्टेंडर को डॉक्टर मुकेश भारद्वाज के निजी आवास पर भेजा, लेकिन डॉक्टर ने इलाज के लिए आने से मना कर दिया। नवजात की हालत लगातार बिगड़ती गई। सुबह आठ बजे जब डॉक्टर अस्पताल पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थी। जांच के बाद नवजात को मृत घोषित कर दिया। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी विकास जैन ने बताया कि नवजात को सांस लेने में तकलीफ और घबराहट थी। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था। डॉक्टर को बुलाने अटेंडर उनके घर गए थे। इसके बावजूद डॉक्टर नहीं आए। लापरवाही के कारण डॉक्टर मुकेश भारद्धाज को कचनारा अस्पताल और कंपाउंडर को झालावाड़ भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर और कंपाउंडर तीन महीने से डग अस्पताल में पोस्टेड थे।

शराब व नकदी चोरी : उदयपुर में दुकान की दीवार तोड़कर शराब व नकदी चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ टीडी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षैत्र सरू गांव में स्थित शराब की दुकान की अज्ञात चोर 29 जुलाई रात पिछवाड़े की दीवार तोड़कर अंदर घुस कर दो कर्टन शराब, दो हजार रूपये नकदी व मोबाइल चुरा ले गए। इसका पता चलने पर सेल्समैन सरू निवासी विद्यासागर मीणा ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण व चारागाह विकास कार्यक्रम की शुरुआत

- जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत ढिंगी के सरपंच प्रतिनिधि संदीपसिंह राठौड़ द्वारा कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया
- जिला कलेक्टर ने ग्रामवासियों से इस पहल में जुड़कर पर्यावरण संरक्षण करने हेतु अपील की

ग्राम पंचायत ढिंगी में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने पौधारोपण किया।

तारानगर, (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ढिंगी में "मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान" के तहत सघन वृक्षारोपण एंव चारागाह विकास कार्यक्रम की शुरुआत की।

सुराना व जांगिड़ ने ढिंगी के सरपंच प्रतिनिधि संदीपसिंह राठौड़ द्वारा कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा पंचायत के कायाकल्प, शानदार कार्यों के लिए सरपंच को शुभकामनाएं दी। जांगिड़ ने कहा कि हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम मुख्यमंत्री का महत्वाकांक्षी सोच है। इसी के परिणामस्वरूप हम प्रदेश में ऐतिहासिक वृक्षारोपण कर रिकॉर्ड बनाने की और अग्रसर है। विलुप्त होती जा रही गौचर भूमि के सरंक्षण की दिशा में चारागाह विकास कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण आजीविका में सुधार तथा पशुपालन विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय साबित होगा। कलेक्टर सुराना ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों से इस पहल में जुड़कर पर्यावरण संरक्षण करने हेतु अपील की। इस दौरान जिला परिषद सीईओ श्वेता कोचर, उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, विकास अधिकारी, सहायक अभियंता विनोद कुमार धायल, पं.स. सदस्य भूराराम, सांगवान, फोरेस्टर सुनील बागड़ी, हड़मान, सहित लोग मौजूद रहे।

67 वर्ष की आयु में स्नातकोत्तर की परीक्षा दे रहे विधायक फूलसिंह मीणा

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा का शिक्षा के प्रति अनूठा जज्बा

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर जिले के उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार निर्वाचित विधायक फूलसिंह मीणा का शिक्षा के प्रति जज्बा अनुकरणीय है। 15 साल की आयु में आर्थिक अभावों के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले मीणा ने न केवल अपनी बेटियों की प्रेरणा से दोबारा शिक्षा का दामन थामा, अपितु अपने क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत भी बन कर उभरे हैं।

जनजाति परिवार से आने वाले विधायक फूलसिंह मीणा ने 15 वर्ष की आयु में आर्थिक अभाव एवं संघर्षों के चलते पढ़ाई छोड़ दी थी। बाद में अपनी बेटियों की प्रेरणा और प्रोत्साहन से 40 वर्ष बाद 55 वर्ष की उम्र में पुनः शिक्षा की डगर थामी और बी.ए. की उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एमए करने की ठानी। वर्तमान में 67 वर्ष की आयु में वे जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ युनिवर्सिटी से एम.ए. राजनीति विज्ञान में अंतिम वर्ष की परीक्षा दे रहे हैं। विधायक मीणा ने बताया कि उनका सपना पीएचडी की पढ़ाई कर डॉक्टर की उपाधि अपने सैनिक पिता को समर्पित करने का है। विधायक मीणा का यह जज्बा पूरे देश के शिक्षार्थियों के लिए आदर्श है।

उल्लेखनीय है कि विधायक मीणा विधानसभा के स्पीकर पैनल में शामिल हैं और लगातार दूसरी बार विधानसभा की जनजाति कल्याण समिति के सभापति भी हैं। अपनी बेटियों से प्रेरणा पाकर शिक्षा की राह पर अग्रसर हुए विधायक मीणा अब क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा के प्रेरणापुंज बने हुए हैं। विधायक मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से प्रभावित होकर अनूठी पहल की। इसमें वे प्रति वर्ष अपने क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड से सभी वर्गों की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लाने वाली बेटियों को निःशुल्क हवाई यात्रा कराते हैं। विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि उन्हें अपनी पहल के सार्थक होने पर सुकून महसूस होता है क्योंकि बालिकाओं में शिक्षा की अलख जोर-शोर से जाग चुकी है, अभिभावक भी बच्चियों को शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक हुए हैं। क्षेत्र में हर बार हवाई यात्रा की पात्र छात्राओं की संख्या और उनके प्रतिशत में वृद्धि होती जा रही है।